

सीसीएसयू में सर्टिफिकेट के साथ मौजूद छात्राएं। स्रोत : स्वयं

# 75 छात्राओं को प्रदान किए गए प्रमाणपत्र

मेरठ। सीसीएसयू में चल रहे आठ दिवसीय स्वावलंबिनी महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। जिसमें 75 छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समन्वयक डॉ. पंकज कुमार रहे जबकि तकनीकी सत्र का संचालन नाइसबड़ के विशेषज्ञ सकील अहमद खान और दिव्या अग्रवाल ने किया प्रथम सत्र में छात्राओं का ऑनलाइन एग्जाम सिद्ध पोर्टल के द्वारा लिया गया। दूसरे सत्र में सर्टिफिकेट वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें प्रो. वाइस चांसलर प्रो. एमके गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। प्रो. नीरज सिंघल, डॉ. निधि आदि रहे। संवाद